राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल 'सुरमन संस्थान' पहुंचे, निराश्रित बच्चों से संवाद किया

## राज्यपाल ने बच्चों को खूब पढ़ने और आगे बढ़ने का आह्वान किया–राज्यपाल

जयपुर, 3 नवम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे सोमवार को अनाथ और बेसहारा बच्चों के लिए स्थापित 'सुरमन संस्थान बाल आश्रम' पहुंचे। उन्होंने वहां परित्यक्त, वंचित बच्चों से संवाद किया और उन्हें खूब पढ़ने और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होने बच्चों को चॉकलेट और उपहार भी बांटे।

राज्यपाल ने कहा कि बच्चे किसी भी देश का भविष्य होते हैं। उन्हें सभी स्तरों पर विकास के समान अवसर कैसे मिले, इसके लिए समाज में मिलकर प्रयास करने चाहिए। उन्होंने निराश्रित बच्चों के चारित्रिक और बौद्धिक विकास के लिए भी सतत कार्य किए जाने पर जोर दिया।

इससे पहले 'सुरमन संस्थान' पहुंचने पर राज्यपाल श्री बागडे का संस्था की अध्यक्ष श्रीमती मनन चतुर्वेदी ने अभिनंदन किया। राज्यपाल ने संस्था के प्रयासों की सराहना की।

————

## जयपुर के हरमाड़ा क्षेत्र में हुए सड़क हादसे पर राज्यपाल की शोक संवेदना

जयपुर, 3 नवम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने जयपुर के हरमाड़ा क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

उन्होंने ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है।

————




क्या आप देना चाहते




भोजन
दुग्ध वितरण
रात्रि 8:00 8:00
रात्रि 9:30 9:30
रात्रि 10:30 10:30
क बच्चे को मुस्कुराहट
स्थान
surmanhome@gmail.com